हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 5 दिसंबर 2025

4

तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

कलेक्टर ने लिया जिले के खरीदी केंद्रों का जायजा





## खबर संक्षेप

### शीतलहर से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**रायगढ़।** स्वास्थ्य विभाग ने शीत लहर से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है। बताया गया कि शीतलहर दिसम्बर और जनवरी में घटित होती है। जिसके चलते सर्द हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि शीतलहर का नकारात्मक प्रभाव बुजुर्गा और 5 वर्ष के छोटे बच्चों पर अधिक होता है। इसके अतिरिक्त दिव्यांगजनोंए बेघर व्यक्तियों, दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित रोगियों खुले क्षेत्र में व्यवसाय करने वाले छोटे व्यवसायियों के लिए भी शीत लहर के दौरान विशेष सतर्कता बरतना आवश्यक है। जितना संभव हो घर के अंदर ही रहें, अति आवश्यक कार्य होने पर बाहर निकलें। शीतलहर से बचाव हेतु टोपी और मफलर का भी उपयोग किया जा सकता है अथवा सिर व कान ढंककर रखें।

### मदद मांगकर चोरी कर ली महिला की स्कूटी

**राउरकेला।** शहर में मदद मांगकर लोगों को ठगने वाले गिरोह ने गुरूवार की सुबह प्लांट साइट थाना क्षेत्र के डेली मार्केट, हरियाणा भवन के सामने एक महिला की स्कूटी उड़ा ली। घटना सुबह साढ़े दस बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार पीड़िता छेंड कॉलोनी की रहने वाली महिला थी। गिरोह के सदस्य ने पानी लेने का बहाना बनाकर महिला से स्कूटी मांगी और उसे वापस नहीं किया। घटना की सूचना मिलते ही प्लांट साइट पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के ब्राह्मणी हाइट्स अपार्टमेंट के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर सुराग जुटाने में लगी। पुलिस ने कहा कि तमाम प्रयासों के बावजूद उच्चके क्षेत्र में आरोपी का कोई सुराग नहीं मिला है। उन्होंने चेतावनी दी है कि लोग अनजान व्यक्तियों पर भरोसा न करें और ऐसी परिस्थितियों में तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस मामले की सभी पहलुओं की जांच कर रही है और आरोपी को जल्द पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

### टूटे स्लीपरों से बढ़ा हादसे का खतरा

**राउरकेला।** रांची-राउरकेला मुख्य रेल मार्ग के बंडामुंडा रेलखंड में रेल पटरी की बदहाल स्थिति हादसों का खतरा बढ़ा रही है। लिंक सी के पास अप लाइन पर कई स्लीपर टूटे हुए हैंए कुछ जर्जर अवस्था में पड़े हैंए जबकि कई स्लीपरों के अंदर का तार बाहर निकल चुका है और इंसर्ट टूट जाने के कारण ईआरसी अपनी जगह से बाहर हो गया है। विशेषज्ञों के अनुसार कर्व गोलाई वाले हिस्से पर गिट्टी की भारी कमी और पटरी की कमजोर पकड़ किसी भी समय बड़ा रेल हादसा कर सकती है। लिंकसी केबिन से लेकर कादोपानी रेलवे ब्रिज तक लगभग 40 किलोमीटर लंबे क्षेत्र में यह स्थिति बनी हुई है। इसी जर्जर ट्रैक पर रोजाना दर्जनों एक्सप्रेस, पैसेंजर और भारी मालगाड़ियां तेज रफ्तार से गुजरती हैं। स्थानीय लोगों और रेल कर्मचारियों का कहना है कि रेलवे प्रशासन की यह लापरवाही यात्रियों की जान से खिलवाड़ है। पिछले नवंबर 28 को दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक ने सेक्शन का दौरा किया था।

## शहर में मरीन ड्राइव, ऑक्सीजोन सहित नए बस स्टैण्ड का होगा निर्माण

# सीएम नगर उत्थान योजना में निगम भी शामिल, 64.66 करोड़ की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राज्य सरकार ने नगर निगम क्षेत्रो में विकास कार्यों को बढ़वा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत ही रायगढ़ नगर निगम का भी चुनाव किया गया है। जिसमें जिले में मरीन ड्राइव, ऑक्सीजोन सहित बहुप्रतिक्षित बस स्टैण्ड का भी निर्माण किया जाएगा । जिले में इस योजना के तहत किसी नए कार्य का चुनाव नहीं किया गया है।

इस योजना में उन्हीं कार्यों को शामिल किया गया है, जो कि पूर्व में ही स्वीकृत हो चुके हैं। अधिकारियों का दावा है कि इस योजना के तहत निगम के शामिल होने पर यहां पर चल रहे विकास कार्यों को तेजी मिलेगी । ज्ञात है कि न्यू मरीन ड्राइव व ऑक्सीजोन का कार्य पूर्व में ही प्रारंभ हो चुका है। वहीं जिले में विगत कई सालों से नए बस स्टैण्डं की मांग की जा रही थी, जिसे अब इस योजना में शामिल कर लिया गया है। मुख्यमंत्री योजना के तहत शामिल नगर निगमों में स्पोटर्स काम्प्लेक्स, ऑक्सीजोन, बस स्टैण्ड,रिंग रोड सहित कई प्रकार के कार्य किये जाएंगे।



मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना के तहत नगर निगम को भी शामिल किया गया है। इस योजना के तहत बढ़ते आबादी व मांग के हिसाब से कार्य किया जाएगा। कलेक्टर की अध्यक्षता में इस योजना के तहत कार्यों का क्रियान्वयन होगा।
**ब्रजेश सिंह क्षत्रिय,** आयुक्त, नगर निगम रायगढ़

### 22 करोड़ की लागत से होगा बस टर्मिनल का निर्माण

जिले में लंबे समय से एक अंतर्राज्यीस बस टमिनल की मांग की जा रही थी। वर्तमान में ट्रांसपोर्ट नगर स्थित बस स्टैण्ड का हाल सालों से बेहाल हो चुका है। यहां ना ही यात्रियों के लिए कोई सुविधा उपलब्ध है और ना ही बस संचालको के लिए कोई सुविधा है।बस स्टैण्ड के निर्माण के लिए पूर्व में भी कई प्रयास किये गए, जो कि किसी ना किसी कारण की वजह से रूक गया। लेकिन अब उत्थान योजना के तहत जिले में नए बस टर्मिनल के निर्माण को मंजूरी मिल गई है। यहां नए बस टर्मिनल के निर्माण के लिए शासन के द्वारा 22 करोड़ 28 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है।

### नए मरीन ड्राइव, ऑक्सीजोन के लिए राशि स्वीकृत

नगर निगम के द्वारा शहर के भीतर शनि मंदिर से लेकर प्रगति नगर होते हुए छठ घाट तक मरीन ड्राइव का निर्माण किया जाना है। वहीं कबीर चौक स्थित किसान राइस मिल के पास एक नए ऑक्सीजोन का भी निर्माण किया जाना है। इन कार्यों को भी पूर्व में ही स्वीकृती प्रदान की जा चुकी है, अब उत्थान योजना के द्वारा इसके लिए क्रमश 29 करोड 57 लाख व 12 करोड़ 81 लाख की राशि को स्वीकृती मिल चुकी है।

### दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सश्रम कारावास

**सारंगढ़।** न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश फॉस्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पॉक्सो एक्ट सारंगढ़ अमित राठौर ने दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सश्रम कारावास की सजा दिया है। साथ ही अर्थदंड से भी दंडित किया है। यह मामला सरिया थाने का है। विशेष आपराधिक प्रकरण अंतर्गत पॉक्सो एक्ट में आरोपी बसंत सिदार पिता रामराज सिदार निवासी ग्राम बार थाना सरिया में नाबालिक पीडिता को शादी का प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर, भगा ले गया और शारीरिक सबध स्थापित किया था। परिजनों ने सरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था। पीडित बालिका की उम्र 18 वर्ष से कम होने पर प्रकरण लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 का पाए जाने से अपर सत्र न्यायाधीश फॉस्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट सारंगढ़ द्वारा सभी साक्ष्यों एवं गवाहों के बयान पर विचार करने के बाद आरोपी को धारा 363 के तहत 05 वर्ष के सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया है। धारा 366 के तहत 07 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माना तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा, 5, 6 में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया है।

## निजी भूमि पर बिना अनुमति किया जा रहा टावर व हाई टेंशन लाइन का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

घरघोड़ा क्षेत्र के ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपने निजी भूमि एवं परिवार की सुरक्षा की मांग की गई। उनका कहना है कि उनकी निजी जमीन पर जबरदस्ती टावर एवं हाई टेंशन लाइन का निर्माण किया जा रहा है। वहीं मना करने पर ठेकेदार द्वारा धमकी दी जाती है। जिस वजह से ग्रामीणो में भय का माहौल बन रहा है।

मामला घरघोड़ा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम टेरम, फगुरम और पतरापाली का है। जहां के ग्रामीण बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेड में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे। ग्रामीणों नें कलेक्टर के नाम आवेदन देते हुए बताया कि उनके गांव में वर्तमान में टावर एवं हाई टेंशन लाइन के कार्य किये जा रहे है। जिसमें लगे हुए ठेकेदार एवं उसके कर्मचारी बिना उनकी अनुमति के ग्रामीणों की निजी भूमि पर जबरन प्रवेश कर निर्माण कार्य कर रहे हैं। वहीं जब उनसे अनुमति, अधिग्रहण प्रक्रिया एवं नोटिस के बारे में पूछा जाता है तो उक्त ठेकेदार के द्वारा परिवारजनों को धमकी दी जाती है।



### ना इस्तहार, ना स्वीकृति फिर भी हो रहा निर्माण

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में टावर एवं हाई टेंशन वायर का काम शुरू करने से पूर्व जमीन मालिकों से कोई स्वीकृति नहीं ली गई। जबकि इस तरह के कार्यों के लिए इस्तहार, स्वीकृति एवं डीपीआर, अनुमति आदेश जैसी प्रक्रिया पूरा करना होता है, लेकिन ठेकेदार एवं कंपनी के द्वारा ऐसी किसी भी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है। ग्रामीणों के मुताबिक यह कार्य पूरी तरह से निजी कंपनी के लिए किया जा रहा है, इससे ग्रामीणों को कोई फायदा नहीं होगा। इसलिए ग्रामीणों नें इस काम को रोकने की मांग कलेक्टर से किया है।

## जूम एप के जरिए समितियों के नोडल अधिकारियों की समीक्षा

**रायगढ़।** प्रतिदिन समितियों के नोडल अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा ली जा रही है, ताकि उपार्जन केंद्रों में किसानों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए खरीदी कार्य निर्बाध गति से संचालित हो सके। इसी क्रम में 03 दिसंबर को अपर कलेक्टर एवं धान खरीदी के नोडल अधिकारी अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने जूम एप के माध्यम से सभी समिति नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने धान खरीदी से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं रकबा समर्पण, सत्यापन, समिति निगरानी, बफर लिमिट और धान उठाव पर विस्तृत चर्चा की तथा आवश्यक दिशा.निर्देश प्रदान किए। अपर कलेक्टर ने ऐसे किसानों का रकबा समर्पण तुरंत कराने के निर्देश दिए जिन्होंने अपना संपूर्ण धान विक्रय कर दिया है। साथ हीए दूसरे एवं तीसरे टोकन में धान बेच चुके किसानों का सत्यापन आरआईओ और पटवारियों की सहायता से शीघ्र पूर्ण करने पर जोर दिया।

### जांच में पहुंचे अफसरों ने पूर्व सरपंच से मांगे दस्तावेज

**मालखरौदा।** ग्राम पंचायत मोहनदीकला में 15 वे वित्त आयोग , प्रधानमंत्री आवास, मकान टैक्स की राशि में पूर्व सरपंच तथा सचिव द्वारा अनियमिता बरते जाने को लेकर वर्तमान सरपंच, उप सरपंच तथा जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर तीन माह पूर्व जांच कर कार्यवाही के जाने की मांग को लेकर शिकायत की गई थी। जिस पर 28 नवंबर को जांच टीम देवलाल बंजारे वरिष्ठ करारोपण. आंतरिक लेखा परीक्षण अधिकारी सब इंजीनियर ओ पी मरावी तथा तकनीकी सहायक विवेक राठौर के साथ ग्राम पंचायत पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व सरपंच से सभी दस्तावेज मांगा किंतु पूर्व सचिव के जांच में नहीं पहुंचने के चलते कोई भी जानकारी नहीं मिल पाया ऐसे में ग्रामीणों एवं शिकायतकर्ताओं से जानकारी लेकर पंचनामा तैयार किया साथ ही जनपद सीईओ को अवगत कराने की बात कहा गया ।

## शादी का वादा कर नाबालिग की लूटी अस्मत, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शादी का वादा कर नाबालिग लड़की की अस्मत लूटने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है।

युवती ने महिला थाना में शिकायत दर्ज कराई कि करीब 5 साल पहले उसकी कोतरा रोड सोनिया नगर निवासी निरंजन शर्मा 22 वर्ष से मोबाइल के जरिए पहचान हुई थी। तब निरंजन अक्सर पीड़ित को फोन करता था। शुरू में वह निरंजन के फोन को रिसीव नहीं करती थी, लेकिन बार-बार फोन करने की वजह से धीरे-धीरे उनकी बातचीत होने लगी। निरंजन अक्सर मिलने के लिए उसके गांव आता था।

साल 2023 के जून में जब पीड़िता कक्षा 11 की पढ़ाई के लिए ग्राम लाखा गई थी। तब निरंजन उससे मिलने के लिए ग्राम लाखा आया और पीड़िता को बहला-फुसलाकर जंगल के अंदर ले जाकर उससे शारीरिक संबंध बनाने के लिए कहने लगा। पीड़िता ने नाबालिग होने का हवाला दिया तो निरजंन ने बालिग होने पर शादी करने का वादा किया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। दीपावली से कुछ दिन पहले पीड़िता ने निरंजन को बताया कि अब वह बालिग हो गई है और शादी करना चाहती है तब निरंजन ने यह कहकर शादी से इनकार कर दिया कि वे अलग जाति के हैं। इसके बाद पीड़िता ने महिला थाना में इसकी शिकायत दर्ज कराई। जपुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। ऐसे में उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## 23 कोचियों और बिचौलियों ने अवैध बिक्री के लिए रखा था धान, टीम ने दबिश देकर किया 4 हजार 583 क्विंटल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अवैध धान खपाने की तैयारी कर रहे कोचियों और बिचौलियों पर प्रशासन ने शिकंजा कसा है। बीते दो दिनों में रायगढ़, खरसिया, पुसौर, तमनार और धरमजयगढ़ क्षेत्रों में संयुक्त जांच दलों ने अ 23 कोचियों एवं बिचौलियों से 4583 क्विंटल अवैध धान जब्त किया है। जब्त धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 1 करोड़ 47 लाख से अधिक का है। इस बार अवैध धान खरीदी-बिक्री को लेकर शरु से ही अधिकारियों की टीम 24 घंटे निगरानी कर रही है। अवैध धान की सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंचकर कार्रवाई कर रही है। कार्रवाई से अवैध धान खपाने की कोशिश करने वाले व्यापारियों व बिचौलियों का मंसूबा नाकाम हो गया है। जानकारी के अनुसार दो दिनों में 23 जगहों पर कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध धान जब्त किया गया है। इसमें पत्थलगांवखुर्द के सतीश कुमार गुप्ता के यहां 56 क्विंटल, आलोला की ममता गुप्ता के यहां 29.20 क्विंटल, इंदकाली के मंगल बजारे के यहां 48 क्विंटल, इंदकाली के श्रीधर यादव के यहां 6.80 क्विंटल, कछार रायगढ़ के इंदर पटेलए के यहां 60 क्विंटल, सरिया मड़वाताल के युगल किशोर के यहां 800 क्विंटल, भेण्ड्रा तमनार के ललित चौहान के यहां 296 क्विंटल, सुरी पुसौर के मनोहर चौहान के यहां 280 क्विंटल, लोहरसिंह पुसौर में धरनीधर पटेल के यहां 220 क्विंटल, कुरमापाली रायगढ़ के नहर पैकरा के यहां 300 क्विंटल, ठाकुरदिया खरसिया के लक्ष्मीनारायण यादव के यहां 220 क्विंटल, देहजरी खरसिया के शनिराम डनसेना के यहां 190 क्विंटल, धरमजयगढ़ मुख्यालय में गंगा पटेल के यहां 242 क्विंटल, कुरमापाली रायगढ़ में देवेंद्र पैकरा के यहां 328 क्विंटल अवैध धान शामिल है।



### राइस मिलों में अवैध धान डंप

अवैध धान खपाने में मिलर भी पीछे नहीं है। दबिश के दौरान राइस मिलों में अवैध धान भंडारित मिला। इनमें मां भगवती एवं श्रीराम राइस मिलए धरमजयगढ़ में 400 क्विंटल, गोयल फूड मिल, रायगढ़ में 550 क्विंटलए बालाजी राइस मिल, देहजरी में 160 क्विंटल और सावित्री राइस मिलए खरसिया में 250 क्विंटल शामिल है। सभी मामलों में मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। वहीं जिले में अब तक 91 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिनमें 17 हजार क्विंटल से अधिक धान जप्तए जिसकी कीमत 5 करोड़ रुपए से अधिक है।

## मृत हाथी शावक की आत्मा की शांति के लिए ग्रामीणों ने पूजा कर किया दशकर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तमनार वन रेंज स्थित गौरमुड़ी गांव में बीते दिनों हुए हाथी शावक की मौत के बाद ग्रामीणों ने अनोखी पहल की है। तालाब में डूबने से शावक की मौत हुई थी। इसके बाद हाथियों का दल लगातार गांव के आसपास घूम रहा है और फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। ऐसे में ग्रामीणों ने हाथी शावक की आत्मा की शांति और तालाब के शुद्धिकरण के लिए दशकर्म का आयोजन किया, जिसमें 200 ग्रामीण शामिल हुए। 24 नवंबर की रात गौरमुड़ी क्षेत्र में 34 हाथियों का झुंड पहुंचा था। पानी पीने के लिए गांव के तालाब की ओर आए इसी दल में से एक शावक गहरे पानी में फंस गया और डूबने से उसकी मौत हो गई थी। वन विभाग ने पोस्टमॉर्टम के बाद शावक का अंतिम संस्कार करा दिया था। मृत हाथी की आत्मा को शांति मिले और गांव में हाथियों का उत्पात कम हो इसी उद्देश्य से ग्रामीणों ने बुधवार सुबह तालाब किनारे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान करीब 200 ग्रामीण इस दशकर्म में शामिल हुए। आपसी सहयोग से बनाए भोजन को मृत्युभोज रूप में सभी ने ग्रहण किया। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों का झुंड पिछले कुछ दिनों से गांव में धान की फसल को भी नुकसान पहुंचा रहा है। ऐसे में सबकी सहमति से धार्मिक रीति-रिवाज़ों के तहत यह आयोजन किया गया, ताकि गांव में शांति और सुरक्षा बनी रहे।



दशकर्म कार्यक्रम में 200 ग्रामीण हुए शामिल

### ड्यूटी के दौरान भी कुछ किताबें और कॉपी लेकर चलता था, बीच-बीच में कुछ-कुछ लिखता था

## गोली मारने वाला आरपीएफ हेड कांस्टेबल शुरू से है सनकी मिजाज का

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ आरपीएफ थाना में मामूली बात पर अपने साथी की पिस्टल से गोली मार कर हत्या करने वाला आरपीएफ हेड कांस्टेबल कुमार सिंह लादेर शुरू से ही सनकी मिजाज का है। इसके पहले भी उसने बिलासपुर पोस्टिंग के दौरान अपने अधिकारी पर तलवार अड़ा दिया था। जिसके एवज में उसके खिलाफ ऑर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसे जेल भेजा गया था और साथ ही उसे सस्पेंड भी कर दिया गया था। यहां वह ड्यूटी के दौरान भी कुछ किताबें और कॉपी लेकर चलता था, बीच-बीच में उसमें कुछ-कुछ लिखता भी था। ज्यादातर समय राजनीती, आरक्षण और अन्य विषयों को लेकर गहन चिंतन करने की बात सामने आई है।

हत्या करने के बाद वह हाथ जोड़कर माफी भी मांग रहा था। दरअसल आरोपी केएस लादेर के खिलाफ पहले भी एक पुराना मामला दर्ज है। वर्ष 2019 में बिलासपुर में तैनाती के दौरान पोस्ट प्रभारी से बहस के बाद उसने तलवार निकालकर उन्हें धमकाया था और गाली-गलौज की थी। प्रभारी के शिकायत पर उसके खिलाफ धारा 294, 506 और आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार किया गया था। साथ ही उसे सेवा से निलंबित कर दिया गया था। आरोपी करीब डेढ़ से दो साल तक जेल में रहा। जेल से रिहा होने और बहाली के बाद वह पिछले 3-4 सालों से रायगढ़ आरपीएफ थाना में पदस्थ था। वहीं अपने इसी सनकी प्रवृत्ति के कारण उसने एक और कांड कर डाला। रायगढ़ में मामूली कहासुनी पर आरोपी ने अपने ही साथी हेड कांस्टेबल की गोली मार कर हत्या कर दी।



### क्या है मामला

मृतक पीके मिश्रा और आरोपी केएस लादेर दोनों बैचमेट थे और उनकी ड्यूटी मंगलवार की रात में लगी थी। दोनों दोस्त थे, लेकिन कुछ मामलों में दोनों की विचारधारा बिल्कुल नहीं मिलती थी। 3 दिसंबर सुबह तड़के करीब 4 बजे दोनों के बीच किसी बात को लेकर बहस हुई और केएस लदेर ने थाने में रखी पिस्टल से पीके मिश्रा के सिर पर 4 राउंड फायर कर दिया, जिससे कुर्सी में जैसे बैठे थे वैसे ही मौत हो गई। रीवा मध्य प्रदेश से मृतक के परिजनों के रायगढ़ पहुंचने के बाद ही पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की गई। पोस्टमार्टम के दौरान आईजी मुनव्वर खुर्शीद स्वयं मौके पर मौजूद रहे और परिजनों से मिलकर विभाग की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। औपचारिकताएं पूरी होने के बाद पार्थिव देह को मृतक के शासकीय क्वार्टर ले जाया गया, जहां उनकी पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल था।

### मृतक और आरोपी का फैमिली बैकग्राउंड

साढ़े तीन साल पहले ट्रांसफर होकर आए थे पीके मिश्रा। मृतक पीके मिश्रा रीवा जिले के रहने वाले थे। जबकि आरोपी केएस लादेर जांजगीर-चांपा के भाटापारा का रहने वाला है। मृतक पीके मिश्रा अनूपपुर से करीब साढ़े तीन साल पहले रायगढ़ ट्रांसफर होकर आए थे। रायगढ़ में अपने परिवार के साथ रहते थे। उनकी पत्नी और बेटी वहीं रहती थीं, जबकि बेटा हैदराबाद में पढ़ाई कर रहा है। आरोपी केएस लादेर अपनी पत्नी और एक बच्चे के साथ रायगढ़ में रह रहा था, जबकि उसकी बेटी और बेटा जांजगीर के भाटापारा में रहते हैं।

### आरपीएफ परिवार ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई

दूसरी ओर आरपीएफ के अधिकारी और कर्मचारी इस घटना से बेहद दुखी नजर आए। साथी की आकस्मिक मौत को लेकर सभी सदमे में थे और कोई भी ठीक से बात करने की स्थिति में नहीं था। आरपीएफ रायगढ़ के अधिकारी-कर्मचारियों ने हवलदार पीके मिश्रा को नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### किट्स में हो रही आत्महत्याओं की जाँच की मांग

**राउरकेला।** किट यूनिवर्सिटी कैम्पस के हॉस्टल में चौथे वर्ष के छात्र ने आत्महत्या कर लिया था। विश्वविद्यालय में इस साल तीसरी मौत हो चुकी है। घटना के अनुसार, प्रथम वर्ष के बी टेक छात्र राहुल यादव 18, राज्य छत्तीसगढ़ को रविवार की रात उसके हॉस्टल रूम में फंदे से लटका हुआ पाया गया। पुलिस ने इस घटना को आत्महत्या की संभावना के मद्देनज़र दर्ज किया है। मृत छात्र की मां ने आरोप लगाया है कि राहुल को उसकी प्रेम संबंध संबंधित समस्याओं व मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा था। प्रारम्भिक जांच में छात्र के मोबाइल व चैट लॉग्स को जब्त कर लिया गया है। यह मामला इस वर्ष विश्वविद्यालय परिसर में तीसरी छात्र मौत है, जिससे छात्र समुदाय, अभिभावक और शिक्षा जगत में चिंता गंभीर रूप से बढ़ गई है। इस घटना ने लगातार हो रही आत्महत्या की घटनाओं की प्रवृत्ति को उजागर किया है। राज्य में पिछले 15 महीनों में कम से कम 22 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में मानसिक स्वास्थ्य व सामाजिक दबाव मुख्य कारण बने हैं। मृतक छात्र परिवार के प्रति संवेदनाएँ और छात्र जीवन के दबावों पर ध्यान देने के लिए समाज एवं व्यवस्था दोनों से कदम उठाने की मांग जोर पकड़ गई है।

### दिव्यांगों को नहीं मिला उपकरण, प्रमाणपत्र तक सीमित

**सुन्दरगढ़।** जिले में अस्थि-दोष, मानसिक रूप से अविकसित, दृष्टिहीन, मूक-बधिर सहित विभिन्न वर्गों के 60 हजार से अधिक दिव्यांगजन हैं। सरकारी नियमों के अनुसार हर ब्लॉक और शहरी क्षेत्र में वर्ष में कम से कम एक बार दिव्यांग "सामर्थ्य शिविर" आयोजित होना अनिवार्य है। बुधवार का दिन दिव्यांग जनों को समर्पित है। आज विश्वभर में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया जा रहा है। हर साल आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने को लेकर चर्चाएँ होती हैं। मंत्री से लेकर जिला प्रशासन के अधिकारी तक कई बातें कहते हैं, लेकिन बाद में उनकी समस्याएँ अनदेखी रह जाती हैं। विभागीय लापरवाही के कारण सुंदरगढ़ जिले की दिव्यांग योजनाएँ ठप पड़ी हैं। सरकार को प्रस्ताव न भेजने और उचित वेंडर न मिलने से ज्यादातर दिव्यांगों को सहायक उपकरण मिलना एक सपना बनकर रह गया है। राउरकेला के दिव्यांग राजेश लाल शर्मा कई वर्षों से सहायक उपकरण पाने के लिए विभागीय कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं।

### डॉ. राजेंद्र जयंती पर छात्रों ने जाना कृषि शिक्षा का महत्व

**सुंदरगढ़।** सबडेगा ब्लॉक स्थित सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय, करमडिही में कृषि विज्ञान केंद्र, सुंदरगढ़ 1 किरेई द्वारा कृषि शिक्षा दिवस 2025 का सफल आयोजन किया गया। यह दिवस भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं देश के पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री, भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुश्री नंदिता नायक, मुख्य जिला कृषि अधिकारी लाल बिहारी मलिक, सहायक परियोजना निदेशक जलछाया, धूमा हेम्ब्रम, सहायक मत्स्य अधिकारी सबडेगा अभिषेक टेटे, शिक्षिकाएँ कल्पना नायक, कृष्णा नायक, अमिता दिलाए शिक्षक अरमान केरकेटा, प्रेमचंद उत्थान सिंह, आबेश कुमार सहित लगभग 200 छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

### आरएसपी के विस्तार पर राजस्व मंत्री ने की रायशुमारी

**राउरकेला।** राजस्व एवं विपर्यय प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने राउरकेला इस्पात संयंत्र आरएसपी के विस्तार और विस्थापितों के पुनर्वास पर प्रशासन व आरएसपी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सुंदरगढ़ जिलाधिकारी डॉ. शुभंकर महापात्र और डीआईसी आरएसपी आलोक वर्मा ने संयंत्र विस्तार के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि विस्थापितों का स्थानांतरण और पुनर्वास एक संवेदनशील मानवतावादी प्रक्रिया है। इसके लिए राज्य सरकार नई आर एंड आर नीति 2025 लागू करने जा रही है। बैठक में दोनों पक्षों को निर्देश दिया गया कि दिसंबर के अंत तक आवश्यक सूची तैयार की जाए और जनवरी में इसे केंद्रीय व राज्य सरकार के संबंधित विभागों के साथ चर्चा हेतु भुवनेश्वर में प्रस्तुत किया जाएगा।

### पूर्व मंत्री ने डीएम से की मुलाकात विभिन्न विषयों को लेकर हुई चर्चा

**राजगांगपुर।** सुंदरगढ़ जिले के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री राजगांगपुर के पूर्व विधायक तथा राज्य बीजेडी उपाध्यक्ष मंगला किशान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी डीएम, शुभंकर महापात्र और पुलिस अधीक्षक अमृतपाल कौर से मुलाकात कर राजगांगपुर क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल ने राजगांगपुर सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों की कमी को गंभीर मुद्दा बताते हुए सेवानिवृत्त डॉक्टरों के स्थान पर तुरंत नई नियुक्तियाँ करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने राजगांगपुर फ्लाईओवर के बेहद धीमे निर्माण पर चिंता व्यक्त करते हुए कार्य में तेजी लाने की अपील की।

## प्रशासन को बड़े हादसे का इंतजार, रोज हो रही दुर्घटना

# कोतबा साप्ताहिक बाजार में जाम और अव्यवस्था बनी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

जशपुर जिले के नगर पंचायत कोतबा में साप्ताहिक बाजार (हॉट) का दिन, यानी गुरुवार, अब स्थानीय निवासियों और राहगीरों के लिए भारी परेशानी और खतरे का दिन बनता जा रहा है। लैलूंगा मुख्य मार्ग पर स्थित यह हॉट स्थल, जहां हर सप्ताह हजारों लोग अपनी दैनिक जरूरतों के सामान और सब्जियां खरीदने आते हैं, नगर पंचायत की अव्यवस्था और निष्क्रियता के कारण अब दुर्घटनाओं का केंद्र बन गया है।

बाजार स्थल पर वाहनों की पार्किंग के लिए कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण, खरीदार अपनी मोटरसाइकिलें और चारपहिया वाहन मुख्य सड़क के किनारे ही खड़ी कर देते हैं। इस अतिक्रमण से सड़क की चौड़ाई सिकुड़ जाती है और बाजार के समय घंटों यातायात जाम की स्थिति बनी रहती है। दुर्घटनाओं का खतराः-संकरी हो चुकी सड़क से गुजरने वाले बड़े और छोटे वाहनों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस अव्यवस्था के चलते कई लोग घायल हो चुके हैं। बढ़ी चोरी की वारदातें: पार्किंग की अव्यवस्था और भीड़-भाड़ का फायदा उठाकर चोर सक्रिय हो गए हैं, जिसके चलते बाजार से कई चोरी की घटनाएं सामने आई हैं।





### प्रशासन की चुप्पी

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि इस गंभीर अव्यवस्था के बावजूद, नगर पंचायत कोतबा प्रशासन पूरी तरह से निष्क्रिय बना हुआ है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं और चोरी की वारदातों के बावजूद, प्रशासन ने अभी तक पार्किंग स्थल की व्यवस्था या यातायात को सुव्यवस्थित करने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की है। मौके पर मौजूद सड़को की स्थिति साफ दिखाती हैं कि किस तरह बाजार के बीचों-बीच, सड़क पर ही लोग और वाहनों की भीड़ जमा है, जिससे किसी भी वक्त एक बड़ा हादसा होने का खतरा बना हुआ है।

### नगरीय प्रशासन पहल करे

नगरीय प्रशासन को इस दिशा में ठोस पहल करनी चाहिये। निश्चित ही अव्यवस्था और बदहाल का आलम है। नगरीय प्रशासन को आसपास जगह चयनित कर पार्किंग व्यवस्था करनी चाहिये.जिससे हो रही दुर्घटना और अन्य घटनाओं पर अंकुश लगे।

**-बृजेश यादव**, चौकी प्रभारी कोतबा

# जंगली सूअर मारने बिछाया था करंट, ग्रामीण की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- चार आरोपी गिरफ्तार
- दोकड़ा चौकी क्षेत्र का मामला

दोकड़ा चौकी क्षेत्र के बढ़नी झरिया जंगल में करंट बिछी तार की चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एक आरोपी फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश जारी है।

दशरथ यादव उम्र 55 वर्ष ग्राम घेराघोघरा, बैगा टोली के निवासी थे। वे 2 दिसंबर की शाम रोज की तरह अपने भैंसों के अस्थायी गोठान में चारा देने जंगल गए थे और वहीं रुके थे। परिवार वालों ने बताया कि वे रोज सुबह 4 से 5 बजे तक वापस आ जाते थे, लेकिन 3 दिसंबर को नहीं लौटे। जब उनका बड़ा बेटा प्यार इन्द्रनाथ अपने भाई के साथ उन्हें खोजने गया, तो बढ़नी झरिया जंगल में रास्ते पर ही मृत अवस्था में पड़े मिले।उनके पैर में पतली बाइंडिंग तार चिपकी हुई थी, जिसमें तेज करंट दौड़ रहा था। गांव के लोगों ने पहले बताया था कि कुछ ग्रामीण जंगली सूअर पकड़ने के लिए जंगल में करंट बिछाने की बात कर रहे थे। आरोपियों ने 11 हजार केवी बिजली लाइन के खंभे से पतली तार जोड़कर जंगल के रास्ते में बिछा दी थी।इसी करंट की चपेट में आने से दशरथ यादव की मौके पर ही मौत हो गई।



### चार आरोपी गिरफ्तार एक फरार

दोकड़ा पुलिस ने मामले में नेहरू राम उम्र 35 वर्ष, अशोक पैंकरा उम्र 34 वर्ष, सदानंद चौहान उम्र 34 वर्ष, जगदीश कुजूर उम्र 38 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। एक अन्य आरोपी फरार है, पुलिस ने उसकी पहचान कर ली है और तलाश तेज कर दी है।

### पुलिस ने जब्त किया 128 मीटर तार

मौके से पुलिस ने 128 मीटर पतली बाइंडिंग तार जब्त की है, जो 11 हजार केवी लाइन से जुड़ी हुई थी। चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार यादव और उनकी टीम ने मौके का निरीक्षण कर पंचनामा किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि जंगली सूअर मारने के लिए लगाए गए खुले बिजली करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। फरार आरोपी को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# दो ट्रक व दो पिकअप से 270 क्विंटल अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

धान खरीदी सीजन में सरहदी राज्यों से अवैध रूप से धान लाकर खपाने की कोशिश कर रहे कोचियों पर जशपुर पुलिस ने एक और बड़ी कार्रवाई की है। बीती रात अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने दो ट्रक और दो पिकअप वाहन पकड़कर कुल 675 बोरी में भरे 270 क्विंटल धान को जप्त किया है।

जप्त धान की कीमत लगभग 6 लाख 21 हजार रुपए बताई जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में जिले में लगातार निगरानी रखी जा रही है। पुलिस इससे पहले भी 540 क्विंटल अवैध धान पकड़कर जिला प्रशासन को सौंप चुकी है।





### नेशनल हाईवे-43 पर दो ट्रक पकड़े गए

मुखबिर की सूचना पर लोदाम मंडी बैरियर और दुलदुला के लोरो-बगीचा इलाके में पुलिस ने दो संदिग्ध ट्रकों को रोका। पहले ट्रक सीजी 04 पीबी -5744 में 300 बोरी धान मिला। ड्राइवर चंद्र कुमार निवासी बिलासपुर ने बताया कि धान लोहरदगा से लाया जा रहा था। दूसरे ट्रक सीजी 13 एक्यू -9432 से 250 बोरी धान बरामद हुआ। चालक महतीज निवासी चान्हो, रांची ने गाड़ी में लदा धान गुमला से लाना बताया। दोनों ही चालक धान के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके।

### एसएसपी बोले- कड़ी निगरानी जारी

एसएसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि जशपुर पुलिस सरहदी राज्यों से आने वाले अवैध धान परिवहन पर लगातार नजर रख रही है। बीती रात 270 क्विंटल धान पकड़ा गया है। धान कोचियों के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# 271 बोरी अवैध कच्चा तंबाकू जब्त, ट्रक चालक गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** लोदाम थाना पुलिस ने गुरुवार को हाईवे पर चेकिंग के दौरान एक ट्रक से 271 बोरी अवैध कच्चा तंबाकू जब्त किया है। जब्त माल की कीमत करीब 5 लाख 18 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लेकर मामले में बीएनएसएस की धारा 106 के तहत कार्यवाही शुरू कर दी है।

जशपुर एसएसपी शशि मोहन सिंह के निर्देश पर पुलिस टीम हाईवे पर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान यूपी -78 एलएन 0509 नंबर का अशोक लिलैंड ट्रक संदेह के आधार पर रोका गया। ट्रक चालक अवधेश सिंह, निवासी उन्नाव उ प्र ने एक इनवॉइस दिखाया, लेकिन बिल्टी नंबर और वाहन नंबर में अंतर मिला। साथ ही वह माल से जुड़े वैध दस्तावेज भी नहीं दिखा सका। ट्रक की तलाशी में 271 बोरी कच्चा तंबाकू मिला। चालक ने बताया कि माल गुजरात से सिलीगुड़ी ले जाया जा रहा था।



- लोदाम में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### चार दिन पहले भी दो ट्रक पकड़े गए थे

लोदाम इलाके में अवैध तंबाकू परिवहन का यह पहला मामला नहीं है। 29 नवंबर को भी पुलिस ने दो ट्रकों से कुल 200 बोरी कच्चा तंबाकू, कीमत लगभग 4 लाख 18 हजार 320 रूपए जब्त किया था। लगातार कार्रवाई से तस्करों में मचा हड़कंप, इनकी रही भूमिका इस कार्रवाई में निरीक्षक हर्षवर्धन चौरासे,प्रधान आरक्षक विनोद भगत, प्रधान आरक्षक प्रदीप लकड़ा, आरक्षक धनसाय राम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### नशे के खिलाफ जशपुर पुलिस सख्त

एसएसपी ने बताया कि जिले में नशे और अवैध तंबाकू के कारोबार पर रोक लगाने पुलिस लगातार अभियान चला रही है। उन्होंने कहा किसी भी प्रकार की संदिग्ध जानकारी तुरंत पुलिस को दें, सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# 1033 पोलिंग बूथ में डिजिटाइजेशन का काम 100 प्रतिशत पूरा



**रायगढ़।** जिले के 1033 पोलिंग बूथ में शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। खास बात यह है कि धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र जिले में पहला ऐसा विधानसभा बना जहाँ शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन का लक्ष्य पूर्ण हुआ है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में 9 लाख 14 हजार 669 मतदाताओं में 9 लाख 6 हजार 171 से अधिक का डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है, जो कि 99 प्रतिशत से अधिक है। लैलूंगा विधानसभा में 99.97 प्रतिशत, रायगढ़ विधानसभा में 98.43, खरसिया 99.97 और धरमजयगढ़ विधानसभा में 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है। जिले में कुल पोलिंग बूथ की संख्या 1156 है, जिसमें 60-80 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूर्ण करने वाले बूथ की संख्या 02 है। 80-99 वाले बूथ की संख्या 121 और 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण करने वाले पोलिंग बूथ की संख्या 1033 है। शेष पोलिंग बूथों में डिजिटाइजेशन कार्य तेजी से जारी है और जल्द ही पूरे जिले में 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा।

**आठ बीएलओ हुए सम्मानितः** कलेक्टर ने 08 उत्कृष्ट बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इनमें श्रीमती पायल चंद्रिकापुरे, बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रायगढ़ 85, राजेश दास बैरागी, बीएलओ सुपरवाइजर, राजस्व उप निरीक्षक, श्रीमती मंजू शर्मा, सहायक शिक्षक अभिहित अधिकारी, सुशील गुप्ता, प्रधान पाठक मास्टर ट्रेनर, श्रीमती शकुन्तला देवी बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रायगढ़ 02, श्रीमती अनिता नायक बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रायगढ़ 81, श्रीमती गीता गुप्ता, बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रायगढ़ 82 और श्रीमती मेनका कुर्रे, बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रायगढ़ 84 शामिल है।

# दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने का आह्वान



**राउरकेला।** आंचलिक पुनर्वास एवं शोध केंद्र आरआरआरसी और आशादीप, राउरकेला द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर बागबुड़ी बस्ती स्थित भगवती मंदिर के निकट एक भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। दिव्यांगजनों के जीवन स्तर, शिक्षा, स्वास्थ्य और पुनर्वास के लिए कार्यरत इन संस्थाओं ने विविध कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में संवेदनशीलता और सहभागिता का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत जागरूकता शोभायात्रा से हुई, जो गुंडीचा मंदिर, वीएसएस चौक छेंड से प्रारंभ होकर आरआरआरसी एवं आशादीप कार्यालय परिसर तक पहुंची। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि पानपोश उपजिलाधिकारी विजय कुमार नायक ने किया। सम्मानित अतिथियों आरआरआरसी अध्यक्ष और निदेशक ने दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने तथा रोजगार क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यालय परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक के स्वागत भाषण से हुई, जबकि अध्यक्ष ने संस्था की गतिविधियों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एमएमएम सचिव, रोटरी क्लब राउरकेला क्वीन्स की अध्यक्षा, रोटरी क्लब ऑफ राउरकेला रॉयल्स के अध्यक्ष, पानपोश एसएसएसओ और रघुनाथपाली विधायक ने भी अपनी प्रेरणादायी बातें साझा कीं। दिव्यांगजन नीम बहादुर श्रेष्ठा बट कृष्ण नायक और आशीष कुमार दास को सम्मानित किया गया। दिव्यांग बच्चों ने मनमोहक नृत्य गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

# शहरी जलाशयों को बचाने एनआईटी ने विकसित किया वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट मॉडल

**राउरकेला।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान राउरकेला एनआईटी राउरकेला, के शोधकर्ताओं ने एक प्रकृति. आधारित प्रदूषित जल ट्रीटमेंट मॉडल विकसित किया हैए जिसका उद्देश्य भारत के धोबी घाटों में जल आपूर्ति और शहरी जल स्त्रोतों की रक्षा करना है।



बायोटेक्नोलॉजी और मेडिकल इंजीनियरिंग विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर, प्रो. कस्तूरी दत्ता के नेतृत्व में शोधार्थी सुश्री दिव्यानी कुमारी पीएचडी और सुश्री कार्तिका शनमुगम ऐमटेक ने धोबी घाट के अत्यंत प्रदूषित पानी के उपचार के लिए एक श्कंस्ट्रक्टेड वेटलैंड माइक्रोबियल फ्यूल सेल प्रणाली विकसित की है। धोबी घाट पारंपरिक कपड़ा धुलाई स्थल भारत के कई शहरों में सामाजिक.आर्थिक रूप से योगदान देते हैं। तेज़ी से बढ़ रही पानी की कमी और सूखते बोरवेल के कारण खुले जल की उपलब्धता अब बहुत सीमित हो गई है। साथ ही, बिना उपचार के कपड़ों की धुलाई से निकला प्रदूषित जलए जिसमें सिंथेटिक डिटर्जेंटए रंग और माइक्रोफाइबर शामिल होते हैं नदियों, और झीलों को प्रदूषित कर रहा हैए जिससे जल संकट और जलीय पारिस्थितिक तंत्र को नुकसान पहुँचता है। एनआईटी राउरकेला की रिसर्च टीम ने यह चुनौती दूर करने के लिए विशेष डिज़ाइन का वेस्टवॉटर ट्रीटमेंट सॉल्यूशन तैयार किया है। यह सस्ताए रसायन मुक्त और एनर्जी के लिए आत्मनिर्भर है। इसे वेटलैंड प्लांट, इंजीनियर्ड फिल्ट्रेशन लेयर और विद्युत उत्पादक माइक्रोऑर्गेनिज्म को मिला कर बनाया गया है। रिसर्च टीम ने बतौर पायलट प्रोजेक्ट एनआईटी राउरकेला के ही धोबी घाट पर इस सिस्टम का परीक्षण किया जहां रोज़ाना लगभग 1400 लीटर डिटर्जेंट से प्रदूषित पानी निकलता है। यह सिस्टम ब्यूरो ऑफ़ इंडियन स्टैंडर्ड्स से मान्य सीमा 1 पीपीएम तक सर्फेक्टेंट और केमिकल ऑक्सीजन डिमांड ;सीओडीद्ध सफलतापूर्वक मुक्त करने में सफल रहा है।

## पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन की दी गई जानकारी

# जशपुर फोरम की बुलाई गई बैठक, नगर विकास की बनी रूपरेखा

**जशपुरनगर।** बुधवार 3 दिसंबर को कलेक्टर कार्यालय के सभागार मे आयोजित हुए जशपुर फोरम की बैठक मे अव्यवस्थित सब्जी बाजार को लेकर शहरवासियों ने व्यवस्थित करने की मांग रखी।

शहर वासियों का कहना था कि बस स्टैंड से लेकर साप्ताहिक बाजार तक सड़क के दोनों और सब्जी विक्रेताओं के बैठ जाने से जाम की स्थिति बन जाती है। जिससे आए दिन दुर्घटना हो रही है और जाम से लोग परेशान हैं। फोरम की यह बैठक जशपुर की विधायक रायमुनी भगत की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। इस बैठक में कलेक्टर रोहित व्यास के साथ नगर पालिका जशपुर के अध्यक्ष अरविन्द भगत, जिला पंचायत जशपुर के उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, जशपुर के एसडीएम वीएस मस्के, नगर पालिका के सीएमओ योगेश्वर उपाध्याय के साथ पार्षद, नगरवासी शामिल थे। कलेक्टर रोहित व्यास ने बैठक की शुरुआत करते हुए कहा कि शहरवासियों की अपेक्षा और जरूरत के अनुरूप शहर के विकास की रुपरेखा तैयार करने के लिए जशपुर फोरम की परिकल्पना की गईं है। इसी साल जनवरी मे फोरम की पहली बैठक आयोजित की गईं थी। उन्होंने पहले बैठक मे लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन की जानकारी बैठक मे रखने का निर्देश सीएमओ उपाध्याय को दिया।




**सीमा विस्तार की उठी मांगः** बैठक मे नगर पालिका क्षेत्र के विस्तार की मांग भी नगरवासियों द्वारा उठाई गईं।शहरी क्षेत्र मे विकास कार्यों के लिए हो रही जमीन की किल्लत और लम्बे समय से सीमा विस्तार ना होने का उल्लेख करते हुए मांग रखी गईं। सीमा विस्तार के लिए पुरनानगर, बाधरकोना, जुरगुम, बालाछापर, गमहरिया, और ग्राम पंचायत बाधरकोना को नगर पालिका मे शामिल करने का सुझाव दिया गया। कलेक्टर व्यास ने बताया कि अधिसूचित क्षेत्र होने के कारण ग्राम पंचायतो की सहमति अनिवार्य होंगी। इस पर संबंधित पंचायतों के जन प्रतिनिधियों से चर्चा करने का निर्णय हुआ।

**एसआईआर कराने की अपीलः** बैठक के आखिरी मे कलेक्टर रोहित व्यास ने नगरवासियों से मतदाता गहन पुनरनिरीक्षण प्रक्रिया के अंतर्गत अपना नाम मतदाता सूची मे पुष्टि कराने और नगर पालिका मे टैक्स जमा करने की अपील की।

### निर्माण कार्य मे तेजी लाने का निर्देश

सीएमओ ने बताया कि जनवरी मे आयोजित फोरम की पहली बैठक मे शहर मे चौपाटी निर्माण, बाजार को व्यवस्थित करने, चौक चौराहों के संवारने, गमहरिया के जर्जर पुल का जीर्णोद्धार, बांकी टोली मे जल आपूर्ति मे सुधार,ऑटो स्टैंड को व्यवस्थित करना अतिक्रमण रोकने पर सहमति बनी थी। इन निर्णयों पर किये गए कार्यो की जानकारी देते हुए सीएमओ ने बताया की अमृत मिशन 2.0 के अंतर्गत सरकार ने 86 करोड़ की स्वीकृति दे दी है। निर्माण कार्य के लिए निविदा की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। 8 दिसंबर को टेंडर ओपन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लावा नदी मे प्रस्तावित योजना के तहत 102 किमी पाईप लाइन विस्तार,5 नए पानी टंकी का निर्माण किया जाएगा। निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से शहर की जल समस्या काफी हद तक दूर हो जायेगी। शहर के अटल आवास के पास आडोटोरीयम निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया की जा रही है। कन्या स्कुल के पास 11 करोड़ की लागत से नालंदा परिसर का निर्माण कार्य जारी है। कलेक्टर व्यास ने सीएमओ को परिसर के निर्माण कार्य मे तेजी लाने और एक साल के अंदर इसका निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।सीएमओ ने बताया की चौपाटी, तालाब सफाई के लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है और बस स्टैंड के ड्राइंग डिजाइन के लिए आर्कीटेक्ट बुलाया गया है। कलेक्टर ने सभी प्रस्ताव को एक-एक कर स्वीकृति के लिए शासन के पास भेजनें का निर्देश दिया।

### राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने राष्ट्रीय प्रदूषण निवारण दिवस मनाया



**राउरकेला।** राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एसपीसीबी ने आरएसपी स्थित सीपीटीआई सभागार में राष्ट्रीय प्रदूषण निवारण दिवस मनाया। प्रमुख पर्यावरण वैज्ञानिकों ने कहा कि प्रदूषण रोकथाम आज पृथ्वी के सामने बड़ी चुनौती है और संयुक्त प्रयासों से ही सुरक्षित कार्यस्थल व हरित भविष्य सुनिश्चित हो सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त मुख्य पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. अनुप कुमार मलिक ने की। उन्होंने भोपाल गैस त्रासदी की याद दिलाते हुए उद्योगों में पर्यावरण.सुरक्षा नियमों के कड़ाई से पालन की आवश्यकता बताई।



# आमिर ने अनाउंस की अगली फिल्म हैप्पी पटेल : खतरनाक जासूस

**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस की अगली फिल्म का ऐलान हो गया है। मिस्टर परफेक्शनिस्ट इस बार एक जासूसी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है 'हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस'। एक मजेदार अनाउंसमेंट वीडियो के साथ फिल्म का ऐलान किया गया है। इस फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी वीर दास के कंधों पर है। इसमें वे लीड रोल भी अदा करेंगे। उनके साथ मोना सिंह नजर आएंगी। यह फिल्म जनवरी में रिलीज होने वाली है। आमिर खान प्रोडक्शंस के इंस्टाग्राम अकाउंट से अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया गया है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'क्या बनाया' से 'क्या बनाया' तक कॉमेडी, एक्शन, रोमांस और कुछ जासूसी चीजों के वाइल्ड राइड के लिए तैयार हो जाइए।

लाइफ Style



# जान्हवी
## गलत खबर चलाने वालों को लिया निशाने पर

अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने सेलेब्स की मौतों को सनसनीखेज बनाने के लिए सोशल मीडिया और मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर की है। अपनी मां श्रीदेवी और हाल ही में दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के निधन का जिक्र करते हुए, जान्हवी ने गलत खबर चलाने वालों को भी निशाने पर लिया।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

जान्हवी ने सेलेब्स के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में बात की, जब उनकी जिंदगियां सार्वजनिक हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान मीडिया का माहौल अक्सर हानिकारक सुर्खियों और कहानियों को बढ़ावा देता है। एक कार्यक्रम में बोलते हुए जान्हवी ने ये भी कहा कि कहीं न कहीं इस समस्या के लिए सेलेब्रिटीज भी जिम्मेदार हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि हमने देखा कि धरमजी के साथ क्या हुआ और ऐसा पहले भी कई बार हुआ है। मुझे यकीन है कि यह और भी बदतर होगा। मुझे लगता है कि हम इस समस्या का हिस्सा हैं। हर बार जब हम वीडियो, हेडलाइन या कहानियां - व्यूज़, कमेंट्स, लाइक्स - देते हैं, तो हम इस संस्कृति को बढ़ावा दे रहे होते हैं। जान्हवी ने कहा कि मीडिया में जिस तरह से मेरी मां के निधन को दिखाया गया, उससे मेरा दुःख और भी गहरा हो गया। जब मैंने अपनी मां को खोया, तो यह बहुत बुरा था। मुझे नहीं पता कि आप सब सोच भी सकते हैं कि अपने किसी इतने करीबी को खोना और उसे मीम बनते देखना कैसा होता है। मुझे यह भी नहीं पता कि इसे कैसे समझाऊं, लेकिन यह और भी बुरा हो गया है। मैं मां के निधन के बारे में सार्वजनिक रूप से बात करने से बचती हूं, इस डर से कि लोग सोचेंगे कि वह सुर्खियां बटोरने के लिए इसका इस्तेमाल कर रही हैं।

## हॉलीवुड मसाला




# ट्रैविस बार्कर संग बनाए कई गाने

लॉस एंजिल्स। रैपर पुअरस्टेसी का 26 साल की उम्र में निधन हो गया। वे अपने अनूठे संगीत मिश्रण हिप-हॉप, पंक रॉक और मेटल के लिए जाने जाते थे। वह अक्सर ट्रैविस बार्कर के साथ काम करते थे। पाम बीच के रहने वाले पुअरस्टेसी ने दो स्टूडियो एल्बम और दो एपी रिलीज किए। इससे उन्हें अच्छा फैन बेस मिला। उन्होंने और बार्कर ने कई ट्रैक पर साथ काम किया, जिनमें 'चूज लाइफ', 'नथिंग लेफ्ट', और 'हिल्स हैव आइज' शामिल हैं। पुअरस्टेसी ने सिंगर-रैपर इयान डायर के साथ भी टीम बनाई और ग्रैमी-नॉमिनेटेड 'बिल एंड टेड फेस द म्यूजिक' साउंडट्रैक में भी दिखे।



# पेंडोरा की दुनिया और एश लेडी देख दीवाने हुए फैंस

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ पेंडोरा में वापसी की दुनिया भर में प्रीमियर के बाद ट्विटर पर शुरुआती प्रतिक्रियाओं के साथ ही प्रशंसा मिल रही है। प्रशंसकों और आलोचकों ने सोशल मीडिया पर इसे साल की सबसे बड़ी सिनेमाई फिल्म बताया है। एक फैन ने लिखा, 'यह अब तक की सबसे अच्छी अवतार फिल्म है।' तो वहीं एक और फैन ने लिखा, 'दिल को छू लेने वाली कहानी, जबरदस्त एक्शन और इतने शानदार सींस कि विश्वास नहीं होता।' फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' को लेकर अपनी अलग-अलग राय दे रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'जेम्स कैमरून ने फिर साबित कर दिया कि बड़े पर्दे का असली मतलब क्या होता है।' तो वहीं एक और फैन ने लिखा, 'यह फिल्म सिर्फ आईमैक्स 3डी में देखनी चाहिए, वरना मजा अधूरा रह जाएगा।'



# इस बार बेटी के साथ मनाएंगी क्रिसमस

**मुंबई।** कियारा आडवाणी ने हाल ही में अपनी बेटी के नाम से पर्दा उठाया था। उन्होंने अपनी बेटी का नाम सरायाह मल्होत्रा रखा है। वहीं, अब क्रिसमस से पहले कियारा ने सोशल मीडिया पर क्रिसमस ट्री की एक झलक शेयर कर अपने दिल की बात बताई है। कियारा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की है जिसमें एक क्रिसमस ट्री दिखाई दे रहा है। इसके सामने एक कप नजर आ रहा है जिसमें शायद ग्रीन टी है, यह तो साफ नहीं है, लेकिन ऐसा लग रहा है कि कियारा सर्दियों में इस पेय का भरपूर आनंद ले रही हैं। इसके साथ कियारा ने लिखा, 'साल का सबसे अच्छा समय।' इसके साथ ही एक दिल वाला इमोजी बनाया। कियारा और सिद्धार्थ हर बार क्रिसमस बड़े धूमधाम और उत्साह से मनाते हैं। पिछले साल, इस जोड़े ने अपने क्रिसमस सेलिब्रेशन की एक प्यारी सी तस्वीर शेयर की।



# एक्टिंग के खिलाफ था जिम्मी का परिवार

**मुंबई।** जिम्मी शेरगिल बॉलीवुड के ऐसे कलाकार हैं जिन्होंने फिल्मों में चुनिंदा किरदार किए हैं। परिवार के खिलाफ जाकर उन्होंने एक्टिंग में कदम रखा। शुरुआत में उन्हें फिल्मों में छोटे लेकिन दमदार किरदार मिले। इन किरदारों की तारीफ हुई और इनसे उन्हें पहचान मिली। बॉलीवुड के साथ उन्होंने पंजाबी फिल्मों में खूब नाम कमाया है। जिम्मी शेरगिल ने साल 1996 में फिल्म 'माचिस' से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। इसमें उन्होंने जयमाल सिंह का छोटा किरदार निभाया था। इसके बाद वह फिल्म 'जहां तुम ले चलो' में नजर आए। हालांकि, उन्हें इन फिल्मों से बहुत ज्यादा पहचान नहीं मिल सकी। साल 2000 में जिम्मी शेरगिल ने शाहरुख खान की फिल्म 'मोहब्बतें' में सपोर्टिंग किरदार निभाया। वह इसमें एक कॉलेज स्टूडेंट बने थे। इस फिल्म ने उन्हें बॉलीवुड में पहचान दिलाई।


## टीवी मसाला




# लाफ्टर शेफ्स 3 प्रोमो: बिगड़े बच्चों की पैरेंट्स टीचर मीटिंग

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स 3' के प्रोमो में दिखाया गया है कि भारती सिंह कहती हैं कि इस सीजन के बिगड़े हुए बच्चे (ईशा मालवीय, अभिषेक कुमार, समर्थ जुरैल और ईशा सिंह) की पैरेंट्स टीचर मीटिंग होगी। शो में ईशा सिंह की मां, समर्थ जुरैल के पिता, अभिषेक के पिता और ईशा की मां आती हैं। ये देखकर सभी हैरान रह जाते हैं। इसके बाद भारती सिंह ईशा मालवीय की शिकायत करते हुए उनकी मां से कहती हैं कि उन्होंने कोई काम नहीं किया है। इधर से उधर घूमती रहती है। इस पर वो कहती हैं, 'मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि नालायक लड़की को पैदा किया, कुछ बाना नहीं आ रहा।' इसके बाद समर्थ के पापा से कृष्णा अभिषेक कहते हैं कि आप क्या ढूंढ रहे हैं तो वो बोलते हैं कि मैदा। इस पर वो मौज लेते हुए कहते हैं, 'अपना बेटा ठीक से नहीं किया पैदा, ढूंढ रहे हो मैदा।' 'लाफ्टर शेफ्स' का तीसरा सीजन पिछले महीने से ऑनएयर हो रहा है। आप इसे कलर्स चैनल और जियो हॉट स्टार पर देख सकते हैं। ये शनिवार और रविवार को रात 9 बजे कलर्स चैनल पर आता है। इस सीजन में तेजस्वी प्रकाश, करण कुंद्रा, समर्थ जुरैल, अभिषेक कुमार, कृष्णा अभिषेक, कश्मीरा शाह, ईशा सिंह, विवियन डिसेना, ईशा मालवीय, एल्विश यादव, जन्नत जुबैर, अली गोनी, गुरमीत चौधरी और देबीना बनर्जी हैं।


## बहरीन की मस्जिद पहुंचीं मन्नारा



**नई दिल्ली।** बीते दिन सोनाक्षी सिन्हा अपने पति जहीर इकबाल के साथ दुबई की एक मस्जिद में गई थीं, जिसके बाद उनकी खूब आलोचना हुई थी। और अब मन्नारा चोपड़ा अपनी मां के साथ अबाया पहने बहरीन की एक मस्जिद में पहुंची, जहां से ढेरों तस्वीरें शेयर कीं, जिस पर लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। कोई उन्हें खूबसूरत बता रहा है तो कोई उन्हें राम मंदिर जाने की नसीहत दे रहा है। मन्नारा चोपड़ा, जो कि प्रियंका चोपड़ा की कजिन हैं, 'बिग बॉस 17' में नजर आई थीं और दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाई थी। उन्होंने साउथ की फिल्मों में अभिनय किया और अब मुंबई में शिफ्ट हो गई हैं। हाल ही में इन्होंने अपने पिता को खोया था, और कुछ समय के लिए ये लाइलाइट से दूर हो गई थीं। मगर अब फिर से से अपने ग्लैम अवतार में लौट आई हैं। एक्ट्रेस ने 2 दिसंबर को इंस्टाग्राम पर कई सारी फोटो पोस्ट की हैं, जिसमें वह बुर्का और हिजाब पहने दिख रही हैं। और ये देख हर कोई हैरान रह गया है। वह बहरीन की सबसे बड़ी मस्जिदों में से एक अल-फतेह ग्रैंड मस्जिद पहुंची और वहां अलग-अलग तरह से पोज दिया।

# दर्जी का काम करके बना बॉलीवुड का स्टार, कभी बैन हो गई थी फिल्में...

*नई दिल्ली। फिल्म शोले के दौरान कई कलाकार ऐसे थे जिनकी निजी जिंदगी पर लोगों का ध्यान कम गया, लेकिन उनका योगदान बेहद अहम रहा। उन नामों में एके हंगल भी शामिल हैं, जिन्होंने इमाम चाचा के रूप में कम समय के रोल में गहरी छाप छोड़ी थी। असल जिंदगी में उनका रिश्ता देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और बाद में इंदिरा गांधी के परिवार से दूर का नाता रखता था। फिल्मों में देर से आने के बावजूद उन्होंने कई दशकों तक लगातार काम किया और अपने शांत लेकिन मजबूत अभिनय से पहचान बनाई।*



### अमिताभ ने की थी मदद

बढ़ती उम्र के साथ हंगल आर्थिक दिक्कतों से भी जूझने लगे। 2007 में तबीयत बिगड़ने पर इलाज का खर्च निकालना मुश्किल हो गया था। इसी दौरान अमिताभ बच्चन ने आगे बढ़कर 20 लाख रुपए की मदद दी, जिसकी पूरे उद्योग में चर्चा हुई। 97 साल की उम्र में जब उनका निधन हुआ तो फिल्म जगत के कुछ चुनिंदा कलाकार ही अंतिम संस्कार में दिखाई दिए, जबकि बड़े नाम दूर रहे। इसके बावजूद हंगल का काम, उनकी सादगी और उनका संघर्ष आज भारतीय सिनेमा के इतिहास में एक खास जगह बनाए हुए है।

### सियालकोट में हुआ था जन्म

हंगल का शुरुआती दौर संघर्षों से भरा रहा। पाकिस्तान के सियालकोट में जन्म और पेशावर में परवरिश के बाद उन्होंने दर्जी का काम किया, फिर स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हो गए। आजादी की लड़ाई में सक्रिय रहने पर उन्हें तीन साल जेल में भी रहना पड़ा। बंटवारे के बाद जब वह मुंबई आए, तो थिएटर से शुरुआत की और धीरे-धीरे फिल्मों में अपनी जगह बनाई। उनकी ईमानदार छवि और विचारों के कारण कभी-कभी विवाद भी खड़े हुए. एक समय उनकी फिल्मों पर रोक तक लगा दी गई थी, जिसका असर उनके करियर पर साफ दिखाई दिया।

# रूमर्ड बॉयफ्रेंड राहुल संग फिर नजर आईं श्रद्धा...



**मुंबई।** श्रद्धा कपूर और राहुल मोदी इन दिनों सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। एक प्यारा सा वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें श्रद्धा अपने कथित बॉयफ्रेंड राहुल को अपने हाथों से मीठा खिलाती नजर आ रही हैं। दोनों मुंबई में एक नए रेस्तरां में साथ दिखे। उनकी क्यूट केमिस्ट्री देखकर फैंस बहुत खुश हो रहे हैं। इस वायरल वीडियो में श्रद्धा बहुत खुश नजर आ रही हैं और राहुल को प्यार से खाना खिलाते हुए उनकी स्माइल सबका दिल जीत रही है। यह वीडियो देखते ही देखते इंटरनेट पर श्रद्धा के फैंस के बीच वायरल हो गया है। श्रद्धा और राहुल के इस वीडियो पर फैंस लाल दिल वाली इमोजी बना रहे हैं। श्रद्धा ने हाल ही में अपने फैंस को बताया कि उन्होंने एक फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। अभी उसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है, इसलिए वे ज्यादा डिटेल नहीं बता सकतीं, लेकिन जल्द ही अच्छी खबर आएगी। हो सकता है कि श्रद्धा अगली फिल्म राहुल मोदी के साथ करें। यह फिल्म स्टार्टअप और हसल कल्चर पर आधारित है। श्रद्धा बहुत एक्साइटेड हैं और इस फिल्म में उनका रोल बिल्कुल नया और चुनौतीपूर्ण होगा। श्रद्धा कपूर की आगामी फिल्म का नाम 'नागिन' है। यह फिल्म प्रेम और बलिदान पर आधारित होगी। हाल ही में फिल्म निर्माता निखिल द्विवेदी ने फिल्म को लेकर बताया कि इस फिल्म की शूटिंग 2025 में शुरू होने की उम्मीद है। श्रद्धा कपूर की 'नागिन' 2025 या फिर 2026 तक फ्लोर पर आएगी।

## एक तरफ झुक कर चलने का उनका खास अंदाज लोगों को बहुत पसंद आता था

# कमाल के एक्टर ही नहीं, फैशन गाइड भी थे देव आनंद

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के सुपरस्टार देव आनंद के अभिनय और अंदाज के बारे में तो लोग बातें करते ही हैं, साथ ही उनकी दीवानगी के किस्सों पर भी खूब बातें हुआ करती हैं। कहा जाता है कि उन पर काले कपड़े पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। देव आनंद शानदार अभिनेता, प्रतिभाशाली निर्देशक और निर्माता थे। 60 के दशक में फिल्म इंडस्ट्री में रोमांस, स्टाइल और दिल को छूने वाले किरदार निभाने वाले देव आनंद यारों के यार थे।



### 65 रुपए की पगार पर की नौकरी

देव आनंद ने करीब छह दशक तक इंडस्ट्री पर राज किया। उनका जन्म 26 सितंबर 1923 को पंजाब के शंकरगढ़ में हुआ था। देव आनंद का असली नाम धर्मदेव पिशोरिमल आनंद था, लेकिन उन्हें बॉलीवुड में सिर्फ देव आनंद के नाम से जाना गया। देव साहब के घर वाले उन्हें चीरू कहकर बुलाते थे। देव आनंद बचपन से ही एक्टर बनना चाहते थे। अंग्रेजी साहित्य में पढ़ाई करने के बाद 1940 की शुरुआत में देव आनंद एक्टर बनने का सपना लेकर मुंबई चले आए। यहां उन्होंने चर्चगेट पर मिलिट्री सेंसर के ऑफिस में 65 रुपए की पगार पर नौकरी की, इसके बाद उन्होंने एक अकाउंटिंग फर्म में 85 रुपए प्रति माह की नौकरी बतौर क्लर्क की। इसके बाद वह अपने बड़े भाई चेतन आनंद के साथ जुड़ गए और इंडियन पीपुल थिएटर एसोसिएशन (आईपीटीए) के सदस्य बन गए।

### 1946 से शुरू हुआ अभिनय सफर

देव आनंद की पहली फिल्म 'हम एक हैं' (1946) थी। देव आनंद के बारे में कहा जाता है कि वह इतने हैंडसम थे कि उन्हें फिल्में भी यूं ही मिल जाया करती थीं। एक सांस में लंबी डायलॉग डिलीवरी और एक तरफ झुक कर चलने का उनका खास अंदाज लोगों को बहुत पसंद आता था। देव आनंद ने अपने करियर में 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। 1946 से 2011 तक देव आनंद ने सिनेमा की दुनिया में सक्रिय रहते हुए लगभग 19 फिल्मों का निर्देशन किया और अपनी 13 फिल्मों की कहानी खुद लिखी। बतौर अभिनेता देव आनंद की सबसे अधिक चर्चित फिल्में थीं 'गाइड', 'जिद्दी', 'काला पानी', 'हरे कृष्णा हरे रामा' और 'मुनीम जी। फिल्म गाइड आज भी दर्शकों को पसंद है। इस फिल्म के जरिए पहली बार लिव इन रिलेशनशिप को पर्दे पर दिखाया गया था। यह देव आनंद की पहली रंगीन फिल्म थी, जिसके लिए उन्हें बेस्ट एक्टर का फिल्म फेयर अवॉर्ड भी मिला।



### निभाया था गुरु दत्त से किया वादा

देव साहब को एक्टिंग और डायरेक्शन में महारत हासिल थी। वर्ष 1949 में उन्होंने नवकेतन फिल्म्स के नाम से अपनी प्रोडक्शन कंपनी की शुरू की। गुरु दत्त को ब्रेक देने का श्रेय भी देव साहब को ही दिया जाता है। इसके पीछे एक दिलचस्प किस्सा है। 1940 के आसपास की बात है। देव आनंद एक्टर बनने मुंबई आए थे। एक फिल्म के सिलसिले में उन्हें प्रभात स्टूडियो जाना था। उस इलाके में एक ही लॉन्ड्री थी, जहां देव आनंद अपने कपड़े धुलवाया करते थे। उस दिन जब वे लॉन्ड्री पहुंचे तो उनके कपड़े गायब थे। देव, दूसरे कपड़े पहनकर स्टूडियो पहुंचे। वहां जाकर देखा कि एक लड़के ने उनके वही कपड़े पहने थे, जो लॉन्ड्री से गायब हुए थे।

### ज्यादातर लोगों ने उनकी स्टाइल की कैप पहनना शुरू कर दी थीं

देव आनंद को उनके रोमांटिक रोल और जबर्दस्त स्टाइल के लिए जाना जाता था। उनकी चेक प्रिंटिड कैप का प्रभाव आने वाली पीढ़ी पर खूब पड़ा था। देव आनंद का लुक बेहद यूनिक था। अपने स्टाइल से वे लोगों के बीच फैशन 'गाइड' भी बन गए थे। ज्यादातर लोगों ने उनकी स्टाइल की कैप पहनना शुरू कर दी थीं और आज भी सिलसिला जारी है। उन्हें लेकर एक बात खूब कही जाती है कि फिल्म 'काला पानी' के बाद कोर्ट की तरफ से उनके काले कपड़े पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। कथित तौर पर काले कपड़ों में वे इतने जंचते थे कि लोग फिदा हो जाते थे। खासकर युवतियां उन्हें  हालांकि, कई मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसे दावे भी किए गए कि यह सिर्फ अफवाह मात्र थी, मगर इतनी ज्यादा प्रचारित हुई कि इसे हकीकत माना जाने लगा।

**खबर संक्षेप**

### लोईंग में अमानक धान खपाने की थीं तैयारी

**रायगढ़।** 3 दिसंबर को लोईंग धान उपार्जन केंद्र में महापल्ली के किसान राजेन्द्र कुमार अग्रवाल पिता महेश राम अग्रवाल द्वारा जारी टोकन के माध्यम से दो ट्राली में लगभग 42 क्विंटल खुला धान बिक्री के लिए लाया गया था। केंद्र के अधिकृत प्राधिकारी ने धान की मानक जांच किया तो वह अमानक गुणवत्ता का मिला। धान की गुणवत्ता अमानक होने पर समिति द्वारा किसान को सूचित किया गया। ऐसा धान समिति में विक्रय योग्य नहीं है। समझाइश के दौरान केंद्र में मौजूद स्थानीय ग्रामीण मनोज प्रधान पिता कालिया प्रधान, ग्राम लोईंग द्वारा धान प्रक्रिया में संलग्न अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार करने की सूचना प्रशासन को मिली। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मनोज प्रधान के विरुद्ध बीएनएसएस के प्रावधानों के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए बंधपत्र निष्पादन की कार्रवाई की कई। अमानक धान विक्रय, प्रक्रियाओं में अनावश्यक हस्तक्षेप या किसी भी प्रकार के अव्यवहारिक आचरण को गंभीरता से लिया जाएगा।

### जिले में 76.75 लाख का 2476 क्विं अवैध धान जब्त

**सारंगढ़।** जिले में धान की अवैध खरीदी-बिक्री की रोकथाम के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस वर्ष 03 दिसम्बर तक राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, कृषि उपज मंडीए सहकारिता विभाग के अधिकारियों द्वारा सारंगढ़.बिलाईगढ़ जिले में कुल 76.75 लाख का 2 हजार 476 क्विंटल धान जब्त किया गया है। राज्य शासन की मंशानुरूप केवल वास्तविक एवं पात्र कृषकों के वास्तविक रकबे के आधार पर ही धान खरीदी हो सके। साथ ही कोचियों, व्यापारियों द्वारा किए जा रहे अवैध धान की खरीदी बिक्री पर रोकथाम की जा सके।

### 9 दिसंबर तक कर सकते हैं दावा आपत्ति

**रायगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर, रायगढ़ में विभिन्न पदों पर सेवा प्रदाता के चयन प्रक्रिया जारी है। सेंटर संचालन के लिए पैरालिगल कार्मिक वकील 01 पद, पैरामेडिक कार्मिक 01 पद तथा सुरक्षा गार्ड नाइट गार्ड 03 पद के लिए पूर्व में जारी विज्ञापन के आधार पर प्राप्त आवेदनों की पात्रता सूची प्रकाशित कर दी गई है। आवेदक अपने दावा.आपत्ति 9 दिसंबर तक कार्यालयीन समय में सीधे कार्यालय में या रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा आपत्ति की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### जिपं सीईओ ने की स्वच्छा भारत मिशन की समीक्षा

**रायगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जिले को ओडीएफ प्लस बनाने के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे ने स्वच्छता संबंधी योजनाओं की प्रगति और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण की प्रगति, जियो.टैगिंग, डीबीटी भुगतान, हमारा शौचालय हमारा भविष्य अभियान में नामांकन, सामुदायिक शौचालयों के अधूरे कार्य, ओडीएफ प्लस गतिविधियों, डोर टू डोर कचरा संग्रहण, शुल्क वसूलीए प्लास्टिक व ठोस कचरा प्रबंधनए एफएसटीपी एवं पीडब्ल्यूएमयू संयंत्रों की कार्यशीलता सहित प्रमुख बिंदुओं पर समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता से जुड़ी गतिविधियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने मैदानी अमले को नियमित मॉनिटरिंग और फोटो अपलोडिंग एवं गूगल शीट और पोर्टल पर समय पर रिपोर्ट अद्यतन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कार्यों में जनभागीदारी को बढ़ानाए निगरानी तंत्र को मजबूत करना तथा नवीन पहलें अपनाना आवश्यक हैए ताकि जिला ओडीएफ प्लस की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सके। स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में एसीईओ महेश पटेल, एपीओ बीरेंद्र रॉय, अर्जुन मेहर, हीरा सिंह गोंड मौजूद रहे।

### एसआईआर फार्म भरने की अंतिम तिथि 11 दिसंबर

# छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग की वेबसाइट में है 12 राज्यों के 2003 की मतदाता सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़




भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भारत के 12 राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेश अंडमान निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्यप्रदेश, पुदुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडू, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, में मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य को पूरा करने के लिए 11 दिसंबर तक वृद्धि किया गया है। पूर्व में इस कार्य के लिए अंतिम तिथि 4 दिसंबर था।

मतदाता सूची 2003 के रिकार्ड नहीं ढूंढ पा रहे देश के उन असंख्य लोगों की सुविधा के लिए सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के मीडिया नोडल अधिकारी देवराम यादव ने वीडियो शेयर कर जानकारी दिया है, जिसमें क्रमवार कम्प्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल आदि में सर्च कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ की वेबसाइट सीईओ छत्तीसगढ़ में 12 राज्यों की 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध है। सबसे पहले गूगल में सीईओ छत्तीसगढ़ को ढूंढना होगा। वहां मतदाता सूची 2003 लाल कलर की बैकग्राउंड लाइट के साथ होमपेज में उपलब्ध है, उसे क्लिक करने पर हरा कलर की बैकग्राउंड लाइट को क्लिक करने पर दो भाग में जानकारी खुलेगा, जिसमें लेफ्ट साइड मतदाता की जानकारी दी गई है और राइट साइड लास्ट एसआईआर की सूची उपलब्ध है, जिसमें हमें राइट साइड को क्लिक करना है और राज्यए जिला, विधानसभा, मतदान केन्द्र का नाम क्लिक कर हम अपने मतदाता सूची 2003 के रिकार्ड डाउनलोड कर एसआईआर के काम को पूरा कर सकते हैं।

## आज हो जाएगा एसआईआर का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा



**सारंगढ़।** मतदाता गहन पुनरीक्षण की पूर्णता अवधि के लिए प्रशासनिक अमले की मैदानी चहल कदमी बढ़ गई है । 4 दिसंबर की स्थिति में 99.45 एसआईआर का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिला प्रशासन से लेकर नगरीय निकाय अधिकारी गांव गांव, वार्डो तक पहुंच कर बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों का न केवल भौतिक सत्यापन कर रहे हैं बल्कि निगरानी भी करते देखे जा रहे हैं। जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में 5 लाख 97 हजार 801 मतदाता हैं। जिनमें से 5 लाख 94 हजार 535 मतदाताओं का एसआईआर पूरा किया जा चुका है, अर्थात 99.45: कार्य पूर्ण हो चुका है। इसमें 17 हजार 730 मतदाता मृत पाए गए और 12 हजार 709 मतदाता अनुपस्थित रहे। 29 हजार 120 मतदाता शिफ्टेड अर्थात स्थानांतरित हो चुके हैं। जिला उपनिर्वाचन अधिकारी श्री सर्वे ने बताया कि जिला में एसआईआर की स्थिति बेहद मजबूत हुई है। वस्तुत यह जिला तीन लोकसभा सीटों से तालुकात रखती है। सारंगढ़ विधान सभा क्षेत्र जो रायगढ़ संसदीय क्षेत्र से है, वहीं बिलाईगढ़ विधानसभा में दो लोकसभा एक साथ समाहित है।



## कलेक्टर ने लिया जिले के खरीदी केंद्रों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने रायगढ़, पुसौर और खरसिया विकासखंड के धान उपार्जन केंद्रों कोतरा, केसला, जैमुरा और चपलेका औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी और केंद्र प्रबंधकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि वास्तविक किसानों को धान विक्रय में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि बिचौलियों और कोचियों के माध्यम से अवैध खरीद फरोख्त किसी भी स्तर पर नहीं होना चाहिए, इसके लिए पूर्ण सतर्कता बरती जाए। कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों को अपने अपने उपार्जन केंद्रों की कड़ी निगरानी, सूचना तंत्र को मजबूत करने तथा खरीदी की प्रत्येक प्रक्रिया का सटीक पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### हो रहा रकबा समर्पित

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि केसला उपार्जन केंद्र में अबतक 104 किसानों से 5498 क्विंटल धान खरीदा गया। कोतरा उपार्जन केंद्र में 28 किसानों से 1764 क्विंटल धान की खरीदी, जैमुरा उपार्जन केंद्र में 21 किसानों से 1086 क्विंटल खरीदी, 8 किसानों द्वारा 0.169 हेक्टेयर रकबा समर्पित किया गया है। चपले उपार्जन केंद्र में 76 किसानों से 3351.20 क्विंटल खरीदी, 41 किसानों से 1.238 हेक्टेयर रकबा समर्पित किया गया है।

## 8 से स्मार्ट इंडिया हैकथॉन हार्डवेयर एडिशन ग्रैंड फिनाले का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

- देशभर से चुनकर आई 20 सर्वश्रेष्ठ टीमों के 120 प्रतिभागी होंगे शामिल
- 8 से 12 दिसंबर तक ओपी जिंदल विश्वविद्यालय, में तकनीकी नवाचार का करेंगे प्रदर्शन

ओपी जिंदल विश्वविद्यालय में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन हार्डवेयर एडिशन के ग्रैंड फिनाले का आयोजन 08 से 12 दिसंबर के बीच किया जाएगा। इस दौरान पूरे भारत से चयनित 20 टीमें और 120 प्रतिभागी, 30 एक्सपर्ट मेंटर्स के मार्गदर्शन में अपनी तकनीकी दक्षता और नवाचार क्षमता का प्रदर्शन करेंगे।

स्मार्ट इंडिया हैकथॉन भारत का सबसे बड़ा ओपन इनोवेशन मॉडल है, जो छात्रों को उद्योगों और सरकारी संस्थानों द्वारा प्रस्तुत वास्तविक समस्याओं के लिए नवीन समाधान विकसित करने हेतु प्रेरित करता है। यह मंच देशभर के हजारों विद्यार्थियों को अपने नवाचारों को वास्तविक उपयोग और व्यावहारिक अनुप्रयोग तक पहुँचाने का अनूठा अवसर प्रदान करता है।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरडी पाटीदार ने बताया कि 8 से 12 दिसंबर तक आयोजित होने वाले इस हैकथॉन के हार्डवेयर संस्करण के ग्रैंड फिनाले के लिए ओपीजेयू को नोडल सेंटर के रूप में चुना गया है। स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2025 की मेजबानी के लिए विश्वविद्यालय का चयन देशभर के 18 चयनित संस्थानों में से एक के रूप में किया गया है। ओपीजेयू को यह जिम्मेदारी विश्वविद्यालय में उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं एवं संसाधनों के आधार पर प्रदान की गई है। यह आयोजन शिक्षा मंत्रालय इनोवेशन सेल की एक राष्ट्रीय पहल है, जिसका उद्देश्य छात्रों को सरकारी विभागों, मंत्रालयों, उद्योगों एवं विभिन्न संगठनों द्वारा प्रस्तुत वास्तविक समस्याओं के समाधान हेतु एक मंच प्रदान करना है। ग्रैंड फिनाले के दौरान चयनित छात्र टीमें अपने निर्धारित 04 प्रॉब्लम स्टेटमेंट के लिए कार्यशील समाधान विकसित करने हेतु विशेषज्ञ सलाहकारों तथा उद्योग मंत्रालय प्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में चौबीसों घंटे कार्य करती हैं।

स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 हार्डवेयर एडिशन के सफल आयोजन के लिए डॉ. आरएन शुक्ल के संयोजकत्व में फैकल्टी सदस्यों और छात्रों की एक आयोजन समिति का गठन किया गया है। विश्वविद्यालय इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी के लिए पूर्णतः तैयार है।

## संस्कार ने जीता ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी स्पर्धा 2.0 का खिताब

**रायगढ़।** संस्कार पब्लिक स्कूल ने ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित खेलकूद उत्सव एवं विज्ञान तकनीक समारोह में स्पर्धा का विशेष आकर्षण क्रिकेट प्रतियोगिता को सेजेस टारपाली की टीम को हराकर जीत लिया है। संस्कार स्कूल के खेलकूद प्रशिक्षक अमरदीप सिंह ने बताया कि ओपीजेयू द्वारा आयोजित स्पर्धा 2रूश में कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया था जिसमें संस्कार पब्लिक स्कूल ने अपनी प्रतिद्वंदी टीमों को हराते हुए सेजेस टारपाली के साथ फाइनल में जगह बनाई। टारपाली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर 61 रन बनाए। जिसके जवाब में अंशुल सिंह की शानदार बल्लेबाजी के कारण 5 विकेट से फाइनल मैच का खिताब अपने नाम कर लिया। ज्ञात हो कि संस्कार पब्लिक स्कूल शिक्षा के साथ.साथ खेलकूद के क्षेत्र में भी अपना नाम कमा चुकी है।

## 102 श्रद्धालु अयोध्या धाम के लिए रवाना, श्रीरामलला का करेंगे दर्शन

**रायगढ़।** श्री रामलला दर्शन योजना से जिले के श्रद्धालुओं के सपने साकार हो रहे है। योजना के तहत श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम में भगवान श्री रामलला का दर्शन करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इसी क्रम में आज योजना के तहत रायगढ़ जिले से 102 श्रद्धालुओं का 12 वां जत्था बिलासपुर रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हुआ। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र से 78 एवं नगरीय क्षेत्र से 24 श्रद्धालु शामिल है।



श्रद्धालु को रायगढ़ जिला मुख्यालय से बस के माध्यम से बिलासपुर रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया गया, जहां से वे विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्या धाम की ओर प्रस्थान करेंगे। इस योजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं को अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन के साथ वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर के दर्शन और गंगा आरती का सौभाग्य प्राप्त होगा। श्री रामलला दर्शन योजना का लाभ उठाने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन, आवास एवं आवागमन की समुचित व्यवस्था शासन द्वारा सुनिश्चित की गई है।

रायगढ़ से रवाना होने के दौरान श्रद्धालुओं में तीर्थ यात्रा को लेकर विशेष उत्साह एवं आस्था का वातावरण देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने कहा कि इस योजना से उनकी वर्षों से संजोया रामलला दर्शन का सपना अब साकार होने जा रहा है। श्रद्धालुओं ने भावुकता के साथ कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की इस पहल ने हमें जीवन का अमूल्य अवसर दिया है, जिसके लिए हम उनके आभारी हैं। बचपन से रामायण में रामजन्मभूमि की कहानी सुनते आए थे, लेकिन अब पहली बार उस धरती पर जाने का सौभाग्य मिल रहा है।

## साहू समाज तहसील अध्यक्ष निर्विरोध चुने गए देव




**सारंगढ़।** जिले में साहू समाज की जनसंख्या के लगभग 50 हजार से अधिक मतदाता मतदान करते हैं। साहू समाज के नियमावली अनुसार सारंगढ़ परिक्षेत्र में चार परिक्षेत्र आते है, जिसका समाजिक विधि नियम अनुसार चुनाव किया गया। इसमें तहसील अध्यक्ष चुनाव 6 दिसंबर को होना था, लेकिन 3 दिसंबर को ही साहू भवन में समाजिक चर्चा के उपरांत समाज के चारो परिक्षेत्र के अध्यक्ष व समाज के सदस्य ने आपसी समझस बना कर सर्वसहमति से देव साहू को अपना तहसील अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया । उक्त कार्यक्रम में उपस्थित साहू समाज की निर्वाचन अधिकारी गौ सेवा के सदस्य पुरुषोत्तम साहू समेत समाज के हजारों लोग उपस्थित रहे। साहू समाज के चुनाव में कांग्रेस व भाजपा की निगाहें टिकी हुई थी। सारंगढ़ विधानसभा में चुनावी भूमिका में साहू समाज को अहम माना जाता है जिस वजह से इन दोनों राष्ट्रीय पार्टियों के समाज के नेताओं द्वारा विशेष फोकस रखे हुए थे। जिसके चलते दोनों दोनों पार्टियों के नेताओं ने अपने पार्टी की अध्यक्ष चुनने में एडी चोटी का जोर लगाया था। समाज के निर्वाचित पदाधिकारी व युवा साथियों ने आपसी सहमति का परिचय देते हुए गुड़ेली निवासी देव साहू को अपना तहसील अध्यक्ष के रुप में चुना है वर्तमान में देव साहू किसी पार्टी में नहीं है।

## 7 दिन आंतरिक युद्ध ध्यान शक्ति वक्तदान पर चर्चा

**सारंगढ़।** ब्रह्माकुमारी कंचन बहन के निर्देशन में जारी गीता की राह वाह ज़िंदगी वाह शिविर के 7 दिन ज्ञान वर्षा का गहन सत्र आयोजित हुआ। ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने श्रीमद्भगवद्गीता के आधार पर मन के आंतरिक युद्ध ध्यान मेडिटेशन की शक्ति तथा जीवन में वक्त दान की आवश्यकता पर प्रभावशाली उद्बोधन दिए दीदी ने बताया कि प्रत्येक मनुष्य के भीतर काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या, घृणा, द्वेष, आलस्य व भय इन विकारों का निरंतर संघर्ष चलता है। यही आंतरिक युद्ध व्यक्ति को थका देता है और कई बार अवसाद तक पहुँचा देता है। 20 मिनट का ध्यान आठ घंटे की थकान को मिटाता है मन को शांत करता है और रचनात्मकता बढ़ाता है गीता के संदर्भ में दीदी ने स्पष्ट किया कि जो साधक दृढ़ता और श्रद्धा से ज्योति स्वरूप निराकार परमात्मा शिव का स्मरण करता है, वही श्रेष्ठ योगी कहलाता है। भगवान द्वारा बताए गुण दयालुता, द्वेष रहितता, सम भाव, अनासक्ति एक कृत्रिम नहीं प्राकृतिक एवं आध्यात्मिक अवस्था हैं। उन्होंने कहा ज्ञान से श्रेष्ठ ध्यान है और ध्यान से भी श्रेष्ठ है कर्म फल का त्याग, जिससे मन तुरंत शांति पाता है। दीदी ने रिश्तों को सहेजने के लिए समय देने को आज का सर्वोत्तम दान बताया।



### जिले में अब तक 4 हजार से अधिक टोकन जारी

**रायगढ़।** जिले के 105 धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी कार्य पूरी पारदर्शिता, संवेदनशीलता और सुव्यवस्था के साथ जारी है। उपार्जन केंद्रों में पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, तौल कांटा, बारदाना एवं स्टैकिंग जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। जिले में अब तक 4123 टोकन जारी किए जा चुके हैं, जिनके आधार पर किसानों से सुगमतापूर्वक धान खरीदी की जा रही है। टोकन व्यवस्था के कारण किसानों को निर्धारित समय पर केंद्र में पहुंचकर बिना किसी भीड़.भाड़ और इंतजार के धान बेचने की सुविधा मिल रही है। पंजीकृत टोकनों के विरुद्ध खरीदी का प्रतिशत 99.39 दर्ज किया गया है, जो इस व्यवस्था की पारदर्शिता और प्रभावशीलता को दर्शाता है।

## महिला बाल विकास और रेडियो धूम ने किया जागरूकता कार्यक्रम



**रायगढ़।** सामुदायिक रेडियो, रेडियो धूम एवं महिला बाल विकास विभाग जिला रायगढ़ द्वारा आज 04 दिसंबर को रायगढ़ की प्रतिष्ठित शाला आदर्श बालमंदिर उच्चतर माध्यमिक शाला में डिजिटल हिंसा पर आधारित शैक्षिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयीन बच्चे एवं शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हुए जिसमें लैंगिक उत्पीड़न, पॉक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा एवं डिजिटल हिंसा को समाप्त करने एवं ऑनलाइन सुरक्षा के प्रति सभी को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग से जिला महिला संरक्षण अधिकारी श्रीमती चैताली राय, श्रीमती सरिता सिन्हा, उत्तरा सिदार रेडियो धूम से कार्यक्रम अधिशासी श्रीमती जया शुक्ला उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला महिला संरक्षण अधिकारी श्रीमती चैताली राय ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए लैंगिक उत्पीड़न, पॉक्सो एक्ट एवं घरेलू हिंसा से संबंधित जानकारी दी एवं सामुदायिक रेडियो धूम 89.6 से कार्यक्रम अधिशासी श्रीमती जया शुक्ला ने डिजिटल दुनिया में बढ़ते खतरों से सावधान रहने, सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार अपनाने तथा डिजिटल हिंसा को "नो" कहने का संदेश दिया। रेडियो धूम एवं स्मार्ट संस्था नई दिल्ली द्वारा 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक 16 दिवसीय विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत आज का कार्यक्रम बाल मंदिर शाला में आयोजित हुआ।

### शिविर में विभिन्न विभाग के अधिकारियों ने दी जानकारी

# सराईटोला में लगा तमनार कालेज का एनएसएस शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार






शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ से संबद्ध शासकीय महाविद्यालय तमनार के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर 25 नवंबर से 1 दिसंबर तक ग्राम सराईटोला में आयोजित किया गया था। शिविर का शुभारंभ 25 नवंबर को ग्राम पंचायत सराईटोला के सरपंच अमृत लाल भगत के करकमलों से, उपसरपंच तुलाराम राठिया पंचगण मोहितलाल यादव जी, द्रौपदी राठिया, देवमती राठिया व गोविंदराम राठिया एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हुआ।

उद्घाटन सत्र में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी कमल यशवंत सिन्हा ने विशेष शिविर आयोजन के उद्देश्य एवं महत्व से ग्रामीणों को परिचित कराया। शिविर के द्वितीय दिवस रेंज आफिसर विक्रांत कुमार ने बौद्धिक परिचर्चा सत्र में पर्यावरण संरक्षण विषय पर स्वयंसेवकों से चर्चा की। तृतीय दिवस 27 नवंबर को पशु चिकित्सालय तमनार एवं बजरमुड़ा के अधिकारी कर्मचारियों ने डॉ. बी पी सिदार के नेतृत्व में पशुधन जांच एवं टीकाकरण शिविर लगाया गया जिसमें ग्रामीणों ने अपने पशुधन के स्वास्थ्य की जांच एवं टीकाकरण कराया। 28 नवंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमनार के कर्मचारियों द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया जिसमें ग्रामीणों एवं शिविरार्थियों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवा वितरित की गई। छठवें दिवस जिला संगठक भोजराम पटेल ने शिविर का निरीक्षण कर स्वयंसेवकों को संबोधित एवं प्रेरित किया। परियोजना कार्य के अंतर्गत क्यारी निर्माण, संख्या गड्ढा निर्माण विद्यालय परिसर एवं गांव की सफाई की एवं प्रत्येक दिन रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों का मनोरंजन करते हुए उन्हें जागरूक किया एवं नशा व अन्य बुराईयों से दूर रहने की अपील की। आखिरी दिन पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया के हाथों सभी शिविरार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर अरूण राय, भरत पंडा, गोविंद देहरी, सरोज बेहरा एवं यादवलाल समेत सराईटोला के सरपंच, उपसरपंच मौजूद रहे।

